हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 3 अगस्त 2024


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


13 नपा का एक्शन मोड, सड़कों पर बैठे गायों के मालिकों से ...





14 गणित में छात्र-छात्रों की रुचि बढ़ाने में जुटा स्कूल प्रबंधन






## खबर संक्षेप

### पुलगांव में हरेली महोत्सव कल

**अंडा।** छत्तीसगढ़ के पहले तिहार हरेली के अवसर पर पुलगांव में नवयुग दुर्गा उत्सव समिति एवं वार्डवासियों द्वारा हरेली जागरण का कार्यक्रम रखा गया है। समिति के लक्ष्मीकांत दुबे(रज्जु) ने बताया कि विगत कुछ वर्षों से 4 अगस्त को हरेली महोत्सव का कार्यक्रम रखते आ रहे हैं, जिसमें मुख्य रूप से महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़, रस्सी खींच, प्रतियोगिता एवं बच्चों और बुजुर्गों के लिए गेड़ी दौड़, भंवरा, मटका फोड़,नारियल फेक प्रतियोगिता एवं रात में मोर भंवरा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आसपास के लोग भी इस कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या से आते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ शहर विधायक गजेंद्र यादव द्वारा गेड़ी प्रतियोगिता में भाग लेकर किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर विधायक गजेंद्र यादव, शरद चन्द्र अग्रवाल, वार्ड पार्षद अश्विनी निषाद, पार्षद गुलाब वर्मा, राहुल, पंडित लक्ष्मीकांत दुबे, मोतीराम साहू, कपिल निषाद, दिनेश यादव, सतीश साहू, नागेश साहू, दीनदयाल साहू उपस्थित रहेंगे। समिति के संचालक दिनेश यादव ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन से जनता खुश

**डौंडीलोहारा।** महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुसुम शर्मा ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत गुरुवार को महिलाओं के खातों में छठवीं किश्त के 653 करोड़ 84 लाख की राशि डाली गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यह राशि जगदलपुर में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं के खातों में ट्रांसफर की। उन्होंने लाभान्वित महिलाओं को मां को समर्पित एक पेड़ मां के नाम से पौधारोपण करने का आव्हान किया। कुसुम शर्मा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते कहा कि माताओं बहनों के स्वाभिमान सम्मान और उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने का लक्ष्य लेकर हमारी विष्णु देव सरकार काम कर रही है। मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन से जनता की गारंटी पूरी हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा महिलाओं का सम्मान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को जन धन खाता, उज्ज्वला योजना से सिलेंडर के साथ महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाकर उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया है। बेटियों को बढ़ावा देने के लिए सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण और तेंदूपत्ता संग्राहकों को फिर से चरण पादुका देने जा रही है।

### रिसाली के दो बार पर लगा 15 हजार जुर्माना

**भिलाई।** रिसाली निगम की टीम ने दूषित खाद्य सामग्री की जांच की। जांच के दौरान रिसाली स्थित दो बार-रेस्टोरेंट में दूषित खाद्य सामाग्री पाई। इन पर रिसाली निगम ने संचालक से कुल 16000 जुर्माना वसूला। क्षेत्र के दो बीयर बार में मछली और चिकन में फंगस लगने पर जब्त किया। वहीं एक रेस्टोरेंट में बदबूदार मिठाई को जब्त कर विनिष्टीकरण की कार्रवाई की गई। दूषित खाद्य सामाग्री से होने वाले बीमारी की रोकथाम के लिए निगम आयुक्त मोनिका वर्मा अभियान चला रही है।

### इसके बाद भी पंचायत में नहीं हुआ कार्य, सरपंच-ठेकेदार एक-दूसरे पर लगा रहे आरोप

# एक ही कार्य के लिए दो बार स्वीकृत की गई राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत बागतराई में जनपद विकास निधि का बंदरबाट किए जाने की शिकायत सामने आई है। यहां एक ही कार्य के लिए लगातार 2 वर्ष तक राशि स्वीकृत की गई, उसके बाद भी उसमें कार्य नहीं कराया गया। कार्य के लिए ग्राम भानपुरी के ठेकेदार टेमन को पंचायत ने तीन माह पूर्व चेक जारी किया है, वह राशि लेकर पंचायत को विभिन्न कारण बता घुमा रहा है।

ग्राम पंचायत बागतराई में जनपद विकास निधि से वर्ष 2021–22 में तारम घर से नाली पार तक रोड मरम्मत मुरुम कार्य के लिए 50000 स्वीकृत किया गया। जिसका अब तक कार्य नहीं हुआ। बड़ा सवाल यह है कि जब राशि 2021–22 को स्वीकृत हो चुकी थी तो 2 साल तक कार्य क्यों नहीं कराया गया।

जनपद विकास निधि से ही अगले साल ही अर्थात 2022–23 में उसी स्थल के लिए अर्थात तारम घर से नाली पार तक रोड मरम्मत (मुरुम कार्य ) के लिए पुनः 1 लाख स्वीकृत किया गया। एक ही स्थल में एक जैसे कार्य के लिए लगातार दो साल तक राशि स्वीकृति करने से कई सवाल खड़े हो गए हैं। पहला सवाल यह है कि एक ही स्थान पर एक ही कार्य के लिए दो बार राशि स्वीकृति की आवश्यकता क्यों पड़ी, दूसरा सवाल यह है कि दो बार राशि स्वीकृत के डेढ़ साल बाद भी दोनों ही कार्य प्रारंभ नहीं हो सके, तीसरा सवाल यह है कि पंचायत में दोनों ही कार्य को एक साथ इस साल 2 फरवरी को प्रारंभ होना बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया जबकि दोनों ही कार्यों मे प्रस्तावित स्थल पर एक दाना मुरुम नहीं डाली गई। चौथा बड़ा सवाल यह है कि पंचायत ने ग्राम भानपुरा के टेमन साहू को 50 हजार का चेक कार्य के लिए अग्रिम दिया है, जिसे दिए लगभग तीन माह से अधिक हो चुके हैं, राशि मिलने के बाद भी संबंधित व्यक्ति ने मुरूम नहीं डाली, लेकिन पंचायत में कार्यवाही क्यों नहीं की।

पूरे मामले में ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर मुरूम डालने की बात कही जा रही है, वहां इतनी अधिक मात्रा में मुरूम की आवश्यकता ही नहीं है, आशंका व्यक्त की जा रही है कि पूरे मामले में राशि का बंदरबांट किए जाने की नीयत से ही ऐसा किया जा रहा है, नहीं तो क्या कारण है की स्वीकृति के दो–तीन साल बाद भी कार्य नहीं हुआ है, मामले में मुरूम नहीं होने से मार्ग दलदली हो गया है, जिससे ग्रामीणों को किसानी कार्य मे परेशानी हो रही है। मामले में जनपद सदस्य योगेश सोनबेर से लगातार संपर्क व बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे चर्चा नहीं हो सकी।




#### ठेकेदार मुरुम नहीं डाल रहा

सरपंच ग्राम पंचायत चिंतामणि अडिल ने कहा राशि आने के बाद भानपुरा के ठेकेदार टेमन साहू को 50 हजार का चेक लगभग 3 माह पूर्व दे दिए थे, लेकिन वह कई बार कहने के बाद भी ठेकेदार मुरुम नहीं डाल रहा है।

#### मुरूम डालने पंचायत को चेक दिया

ठेकेदार टेमन साहू ने कहा पंचायत ने चेक दिया है, मैं तीन माह से कई लोगों को मुरूम डालने के लिए बोल चुका हूं कोई मुरूम डालता ही नहीं।

# दो कमरों में संचालित हो रही प्राथमिक शाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

शासकीय प्राथमिक शाला कुसुमकसा क्रमांक 2 में अध्ययनरत बच्चे शाला परिसर में भवन के अभाव में मध्यान्ह भोजन के किचन शेड से निकल रहे धुंआ के बीच बैठकर पढ़ाई करने मजबूर है। वहीं छोटे से कमरा नुमा कीचन कक्ष में मध्यान्ह भोजन लकड़ी के चूल्हा में बनाने वाली रसोइयों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शाला में 34 बच्चे अध्ययनरत है जिसमें कक्षा पहली में 9, दूसरी में 8, तीसरी में 5, चौथी में 6 और कक्षा पांचवी में 5 छात्र छात्राएं है।

- कीचन के धुएं से भर जाता है दोनों कमरा, बच्चे और शिक्षकों को हो रही भारी परेशानी

शाला भवन के दो कमरे व स्टाफ कक्ष में कक्षाएं संचालित हो रही है। वहीं बच्चे मध्यान्ह भोजन कक्षा में ही बैठ कर करते हैं जिससे बच्चों के खाना खाने के बाद कक्ष की साफ सफाई करने में मध्यान्ह भोजन के लिए आरछित समय से ज्यादा समय लग जाता है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है।

मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए कीचन कक्ष शाला भवन के कमरे से लगा हुआ बना हुआ है। कीचन के धुंए से कमरा भर जाता है और खिड़की व दरवाजे से धुआं निकल कर बच्चों के अध्यापन जाता है, जिससे बच्चों को धुंआ में पढ़ाई करना पड़ रहा है। अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने शासन यहां मध्यान्ह भोजन बनाने गैस चूल्हा व गैस टंकी निःशुल्क प्रदाय किए जाने की मांग की है।

#### पुराने जीर्णशीर्ण भवन से बच्चों को खतरा

उक्त शाला का पुराना भवन जो खपरैल युक्त था जो जीर्णशीर्ण होकर कुछ हिस्सा गिर गया है बाकि हिस्सा भी कभी भी गिर सकता है। बच्चे कभी भूलवश पुराने भवन में चले जाते हैं तो कोई दुर्घटना हो सकती है, इसलिए पुराना शाला भवन को तोड़कर मलबा हटाया जाए, तो बच्चों के खेलने के लिए खाली जगह या मध्यान्ह भोजन बनाने का नवीन कीचन कक्ष का निर्माण किए जाने से बच्चों को धुंआ का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## बाजार परिसर गंदगी और कीचड़ से सराबोर

### लाखों रुपए नीलामी के बावजूद बाजार स्थल की ओर ध्यान नहीं दे रहे पंचायत प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

लाखों रुपयों का प्रति वर्ष राजस्व देने वाला कुसुमकसा पंचायत का साप्ताहिक बाजार परिसर गंदगी व कीचड़ से सराबोर है। बाजार आए ग्रामीणों ने पंचायत की अव्यवस्था पर जमकर भड़ास निकाली। वहीं बाजार परिसर में दुकान लगाने वाले भी ठीक से दुकान नहीं लगा पाए। साप्ताहिक बाजार में पूर्व से निर्मित चबूतरा में घास फूंस उग आया है, जिससे बाजार परिसर का अनेक चबूतरा खाली रहता है। वहीं साप्ताहिक बाजार में अधिकाश सब्जी पसरा कोठारी मैदान में लगता है, जहां सब्जी व्यापारी बड़ी-बड़ी जगह में अपना पसरा लगाते हैं।

परिसर के बाहर चारो ओर छोटे छोटे गड्ढों में पानी भरा है और मिट्टी दलदल होने से यहां चलने वाले लोग फिसलकर गिर रहे हैं। पंचायत के जनप्रतिनिधि ग्रामीणों की समस्याओं से बेखबर है, जो बाजार नीलामी से प्रति वर्ष मिलने वाली लगभग चार से पांच लाख रुपए राजस्व राशि लेकर खुश है। लोगों का कहना है कि बाजार परिसर के नीलामी से प्राप्त राशि का कुछ अंश भी बाजार परिसर में खर्च होता नजर नहीं आ रहा है।



#### बाजार लगने के दिन होती है सफाई, पसरी रहती है गंदगी

पंचायत प्रतिनिधि बाजार क्षेत्र में दी जाने वाली सुविधा को नजर अंदाज कर रहे हैं तो बाजार का ठेका लेने वाला ठेकेदार उनसे दो कदम आगे चल रहा है। बाजार ठेका के शर्तों के अनुसार साप्ताहिक बाजार लगने के एक दिन पूर्व तथा बाजार लगने के एक दिन बाद बाजार परिसर सहित कोठारी मैदान की सफाई ठेकेदार को कराना है, किंतु बाजार ठेकेदार द्वारा बाजार लगने के पूर्व सफाई की जाती है तथा बाजार लगने के बाद सफाई भी की जाती जिससे गंदगी छह दिनों तक पड़ी रहती है। इससे लगता है बाजार ठेकेदार पर पंचायत का अंकुश भी नहीं है।

#### पसरा लगाने वालों से मनमाफिक वसूला जाता है शुल्क

बाजार परिसर में पसरा लगाने वाले दुकानदारों से ठेकेदार द्वारा पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक मनमाफिक वसूला जाता है, जिसको लेकर आए दिन व्यापारियों के साथ झड़प होती रहती है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से साप्ताहिक बाजार परिसर की व्यवस्था सुधरवाने की मांग की है।

## करंट से मजदूर की मौत

**भिलाई।** जामुल स्थित सीमेंट प्लांट में एक श्रमिक की मौत हो गई। श्रमिक हाईवोल्टेज करंट की चपेट में आ गया और बुरी तरफ झुलस गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद श्रमिकों में हड़कंप की स्थिति है। मृतक वार्ड क्रमांक 2 विश्वकर्मा चौक निवासी मोहम्मद आबिद खान उम्र 28 साल है। आबिद जो कि इस कंपनी में काम कर रहा था। मेंटेनेंस ऑफिस में सुबह 8 से 9 के बीच करंट लग कर जलने से उसकी मौत हो गई है ।वह कंपंनी में करीब 10 साल से यहां कार्य कर रहा था । परिवार में उसकी पत्नी, बुजुर्ग पिता ,दो बच्चे हैं। एक बच्ची 3 साल का और एक बच्चा महज डेढ़ वर्ष का है।

## जनसमस्या निवारण शिविर में पूर्व नपा अध्यक्ष ने गिनाई नगर की समस्याएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर पालिका परिषद द्वारा वार्डों में लगायें जा रहे जन समस्या निवारण शिविर में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं विधानसभा प्रत्याशी रहे राकेश यादव पहुंचे। उन्होंने वार्डो से आये समस्याओं के संदर्भ में मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिशा निर्देश दिए तथा सभी समस्याओं का निराकरण करने की तत्परता से करने की बात कही।

उन्होने विशेष रुप से पेयजल एवं स्वच्छता पर ध्यान देने पालिका अधिकारी को निर्देश दिए तथा महतारी वंदन योजना में जिन हितग्राहियों के राशि नही आ पा रहा है, बाल महिला विकास अधिकारी को ध्यान देने कहा गया।

नगर पालिका के समस्त वार्डों से आये विकास कार्य हेतु आवेदन पर प्राक्कलन तैयार कर शासन को भेजने साथ ही सरदार पटेल मैदान मे नवीन बड़ा मंच निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार कर तत्काल शासन को भेजने का निर्देश दिया गया है। शिविर में भाजपा शहर मंडल महामंत्री संतोष कौशिक एवं पुर्व मण्डल अध्यक्ष पालक ठाकुर उपस्थित थे।


**पाठक सूचना**

बालोद जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100


## दो छात्रों का क्रिकेट स्पर्धा के लिए हुआ चयन



**डौडीलोहारा।** स्थानीय प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 2 के बच्चों का संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन हुआ है। इसमें 17 वर्ष आयु सीमा के अंतर्गत कक्षा 9वीं के छात्र डिकेन्द्र यादव एवं 19 वर्ष आयु सीमा अंतर्गत कक्षा 11वीं की छात्रा योगिता निषाद का चयन हुआ। उक्त दोनों विद्यार्थी बालोद जिले की क्रिकेट प्रतियोगिता में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।उक्त दोनों विद्यार्थियों के चयन पर संस्था पदाधिकारी हस्तीमल सांखला, फूलचद जैन सहित प्राचार्य राजकुमार देवांगन, ललित सिंह गौर, क्रीडा प्रभारी पुनीत राम सोनकली, प्रधानाचार्य सुश्री कीर्ति बाला टांक सहित समस्त स्टाफ ने बधाई दी।




**खबर संक्षेप**



## 33 हजार निर्माण श्रमिकों को मिलेंगे 14.47 करोड़

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने राज्य के 33 हजार से अधिक निर्माणी श्रमिकों एवं उनके परिजनों को रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में 14 करोड़ 47 लाख रुपए से अधिक की सौगात दी है। यह राशि श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आगामी रक्षाबंधन पर्व को ध्यान में रखते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के हितग्राहियों को सीधे आर्थिक मदद दिए जाने का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। श्रम मंत्री ने विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत श्रमिक परिवारों के हितग्राहियों के लिए 14 करोड़ 47 लाख 44 हजार 709 रुपए की स्वीकृति प्रदान की।

## विधि विभाग कर्मचारी संघ का गठन

**रायपुर।** विधि विभाग में कर्मचारी संघ का गठन किया गया है। विभागीय कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने संघ अपने स्तर पर लड़ाई लड़ेगा। विभाग के कर्मचरियों के सेटअप, भर्ती, पदोन्नति, वेतन विसंगति जैसे मामलों को शासन के समक्ष रखा जाएगा। संघ का अध्यक्ष अनिल सिन्हा, उपाध्यक्ष अरुण मिश्रा, सचिव गोविंदराम साहू को बनाया गया है।

## घर खर्च मांगने पर हुआ था विवाद, नाराज बेटे ने पिता को मार डाला



**रायपुर।** कबीर नगर थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व हुई हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतक के पुत्र को गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह मृतक द्वारा अपने पिता से घर खर्च के लिए पैसे मांगना बताया जा रहा है। मृतक तथा ओरोपी मूल रूप से ओडिशा के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक, ओडिशा, केंद्रपाड़ा निवासी विद्याधर बेहुरा की हत्या के आरोप में चंद्रकांत बेहुरा को गिरफ्तार किया गया है। चंद्रकांत हीरापुर में गुरदीप सिंह प्रधान के यहां किराए से रहता था। घटना दिनांक से दो-तीन पहले विद्याधर अपने बेटे से मिलने के लिए आया था। विद्याधर ने अपने बेटे से घर खर्च नहीं भेजे जाने का कारण पूछा तो इस बात को लेकर चंद्रकांत का अपने पिता के साथ घटना दिनांक को विवाद हुआ। पुलिस के अनुसार, चंद्रकांत ने अपनी पत्नी तथा बच्चों को ओडिशा में अपने माता-पिता के पास छोड़ दिया था। साथ ही पिछले छह महीने से पत्नी-बच्चों के अलावा अपने माता-पिता के लिए घर खर्च नहीं भेज रहा था। पैसों के लिए माता-पिता कॉल करते थे तो चंद्रकांत उन्हें गोलमोल जवाब देकर टाल देता था।

# सवा 7 हजार करोड़ के अनुपूरक को राज्यपाल की मंजूरी, वित्त ने बताया- कैसे करना है खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विधानसभा के मानसून सत्र में पारित कराए गए करीब सवा 7 हजार करोड़ रुपए के अनुपूरक बजट के राज्यपाल की मंजूरी मिल गई है। अब सरकार के वित्त विभाग ने निर्देश जारी किया है कि अनुपूरक में मिली राशि को किस तरह खर्च करना है।




### वित्त ने जारी किया आदेश

राज्य सरकार के वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को भेजे पत्र में प्रथम अनुपूरक बजट को मंजूरी मिलने की जानकारी के साथ बताया है कि अनुपूरक में मिली राशि को किस प्रकार खर्च करना है। आकस्मिकता निधि से स्वीकृत अग्रिम की प्रतिपूर्ति के लिए एक औपचारिक आदेश निकालें उक्त अग्रिम की सीमा तक प्रावधानित राशि का पुनः व्यय नहीं किया जाना है। इसका विशेष ध्यान रखन कहा गया है। केंद्रीय सहायता तथा अन्य एजेंसी से राशि प्राप्त होने के आधार पर अनुपूरक अनुमानों में जो मद शामिल किए गए हैं, उमें सहायता राशि प्राप्त होने पर ही व्यय करें।

### समर्पण आदेश के बाद ही व्यय

*इसी निर्देश में कहा गया है कि ऐसे मद जिनमें अतिरिक्त अनुदान विभागीय बचतों से समर्पित किया जाना है वहां समर्पण की स्वीकृति तत्काल जारी करें। समर्पण आधेश जारी किए जाने के बाद ही व्यय करें। विभागीय बचत से व्यय की पूर्ति के मदों में आवंटित राशि में से सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से से पुनर्विनियोजन करें तथा पुनर्विनियोजन रे आघेश के एक प्रति प्रशासकीय विभाग के माध्यम से महालेखाकार को भी भेजने कहा गया है।*

### खारंग, खपरी और रूसे बांध हुए लबालब

# सावन की बारिश से गंगरेल बांध 15 दिन में दो तिहाई से अधिक भरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सावन की लगातार बारिश से बांध लबालब हो गए हैं। आषाढ़ के माह में प्री मानसून के बाद इसमें ब्रेक लगने से बांधों में कम पानी की वजह से स्थिति चिंता जनक हो गई थी। जुलाई के अंतिम सप्ताह से हो रही लगातार बारिश से पूरे प्रदेश में बड़े बांधों में 61 और मध्यम बांधों में 64 प्रतिशत से अधिक जल भराव है। पिछले वर्ष के मुकाबले अब भी 9 प्रतिशत पीछे हैं। बारिश सिस्टम बनने के कारण आने वाले दिनों में प्रदेश में अच्छी बारिश का अनुमान है।

अब तक बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1399.8 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 235.0 मिमी औसत बारिश दर्ज की गई है। बीते 15 दोनों के बारिश का रिकॉर्ड प्रदेश में अच्छा रहा। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक एक जून से अब तक राज्य में 581.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 1 अगस्त तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1399 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 235 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।



### बांगो में 49 प्रतिशत पानी

पिछले कुछ दिनों के दौरान प्रदेश भर में हुई झमाझम बारिश के बाद भी प्रदेश का सबसे बड़ा मिनीमाता बांगो बांध खाली है। गांव माचाडोली के पास हसदेव नदी पर निर्मित बांगो डैम में अभी 49 फीसदी जलभराव हुआ है। बांगो बांध से सैकड़ों हेक्टेयर खेतों की सिंचाई की जाती है। इसके साथ ही यहां 120 मेगावाट का हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट संचालित है। प्रदेश के कई अन्य पावर प्लांटों को भी बिजली उत्पादन के लिए यहां से पानी जाता है। इस साल ज्यादा जलभराव नहीं होने से बांगो बांध पर निर्भर कई कामों के प्रभावित होने की संभावना है।

### गंगरेल में 70 हजार क्यूसेक पानी की आवक

धमतरी जिले के गंगरेल बांध में 70 हजार क्यूसेक पानी का आवक कैंचमेंट एरिया ये होने के कारण 16 जुलाई को 4.83 प्रतिशत पानी था वह अब बढकर 83 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यहां पर पिछले 15 दिनों में 78 प्रतिशत से अधिक जल भराव हुआ है। यहां पर पिछले साल इसी अवधि में 74 प्रतिशत जल भराव था, जो 10 प्रतिशत अधिक है। वहीं तांदुला बांध में अब 73 प्रतिशत पानी है जो पिछले साल के मुकाबले 10 प्रतिशत कम है। मुरूमसिल्ली में 72 प्रतिशत जल भराव है।

### अन्य बांधों में इतना पानी

इसके अलावा प्रदेश के अन्य बांधों में सिकासार में 90, सोंढूर में 71, कोडार में 31, खपरी दुर्ग में 100, खारंग में 100, और रूसे बांध में 100 प्रतिशत जल भराव है। प्रदेश के सरगुजा क्षेत्र में कम बारिश का असर वहां के बांधों पर भी पड़ा है। यहां पर बांधों में निस्तारी और अन्य उपयोग का पानी भरा है। यहां पर रिमझिम बारिश से बांधों की स्थिति में सुधार हो रहा है।

# प्रदेश के सभी निकायों में कांग्रेस करेगी सम्मेलन

### प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता करेंगे हिस्सेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज राज्य सरकार से तिहार की परंपरा बंद नहीं करने की मांग की है। उन्होंने कहा, कांग्रेस सरकार ने सभी तीज-त्योहारों को सम्मान दिया। प्रदेश में उत्साह के साथ सभी तीज-त्योहार मनाए गए। पूर्व की भांति सभी तीज-त्योहारों को उत्साह से मनाया जाए। कांग्रेस आगामी नगरीय निकाय चुनावों को देखते हुए प्रदेश के सभी निकायों में सम्मेलन करेगी।



उन्होंने संवाददताओं से चर्चा में बताया कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ के सभी निकायों में सम्मेलन करेगी। सभी निगमों, पालिकाओं का खुद दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव की तैयारियों को लेकर तीन बैठकें हो चुकी हैं। सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश दिए जा चुके हैं। निकाय चुनाव में प्रत्याशी चुनाव के लिए कांग्रेस के मापदंड़ पर उन्होंने कहा, प्रत्याशी चयन का मापदंड जिताऊ प्रत्याशी रहेगा।

चुनाव हमारे कार्यकर्ता लड़ते हैं। तमाम बड़े नेता कार्यकर्ताओं के लिए काम करेंगे। वार्ड पार्षद से लेकर मेयर तक का जो प्रत्याशी जीतने लायक होंगे, उसका चयन होगा।

### संगठन में नियुक्ति परफार्मेंस के आधार पर

वहीं छत्तीसगढ़ कांग्रेस में जल्द पुनर्गठन की तैयारी पर उन्होंने कहा, जल्द दिल्ली जाकर प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से मिलेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी में बदलाव को लेकर उन्होंने कहा, प्रदेश प्रभारी से चर्चा के बाद संगठन में नियुक्तियां होंगी। परफॉर्मेंस के आधार पर जिम्मेदारी दी जाएगी।

### बिजली के दामों में बढ़ोतरी वापस लें

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, साय सरकार के तुगलकी निर्णय के कारण राज्य की लौह उत्पादन इकाईयां बंद हो गयी है। इनमें काम करने वाले 2 लाख से अधिक मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने उद्योगों को राहत देने तथा उद्योगों में काम करने वाले मजदूरों की रोजी-रोटी बचाने के लिये उद्योगों के बिजली के दामों में विशेष रियायत दिया था। कांग्रेस ने मांग किया है कि सरकार उद्योगों और आम उपभोक्ताओं की बिजली के दामों की बढ़ोतरी को तत्काल वापस ले।

# प्रदेश में 82 हजार को पीएम स्वनिधि योजना का लाभ

### लाभार्थियों में से 48 फीसदी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में केंद्रीय आवास और शहरी विकास मंत्रालय द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजना का 82 हजार से ज्यादा हितग्राहियों को लाभ मिला है। इसमें 20,134 हितग्राही राजधानी रायपुर से हैं।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के बारे में जानकारी मांगी थी। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने जानकारी दी, पीएम स्वनिधि एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जो सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में लागू है। इसके तहत राज्यों, संघ राज्य क्षेत्र को कोई निधि आवंटित नहीं की जा रही है। इस योजना के तहत ऋण सीधे ऋणदाता संस्थाओं द्वारा संवितरित किए जाते हैं। 24 जुलाई 2024 तक की स्थिति के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य में अनुसूचित जनजाति लाभार्थियों की संख्या 6600 है। देश भर में पीएम स्वनिधि योजना के तहत 45 फीसदी लाभार्थी महिलाएं हैं। छत्तीसगढ़ में इस योजना के तहत कुल लाभार्थियों में से 48 फीसदी लाभार्थी महिलाएं हैं। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा योजना को दी गई मंजूरी के अनुसार, दिसंबर 2024 तक योजना के तहत पहली अवधि के ऋणों के लिए 42 लाख, दूसरी अवधि के ऋणों के लिए 12 लाख तथा तीसरी अवधि के ऋणों के लिए 3 लाख का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्यों की तुलना में 24 जुलाई 2024 तक पहली अवधि के ऋणों के लिए 64.78 लाख, दूसरी अवधि के ऋणी के लिए 18.50 लाख तथा तीसरी अवधि के ऋणों के लिए 3.24 लाख ऋण वितरित किए जा चुके हैं। स्ट्रीट वेंडर को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्रीय आवास और शहरी विकास मंत्रालय द्वारा 2020 को पीएम स्वनिधि योजना की शुरुआत की गई थी। जिसके तहत पहले 10 हजार रुपए का लोन उपलब्ध करवाया जाता है। इसका भुगतान करने के बाद दूसरी बार लोन लेने पर 20 हजार और तीसरी बार लोन को बढ़ाकर 50 हजार रुपए कर दिया जाता है।

# जीएसटी काउंसिल जीओएम में वित्तमंत्री ओपी भी

**रायपुर।** जीएसटी में सुधार के लिए हाल ही में जीएसटी काउंसिल के लिए ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स (जीओएम) का पुनर्गठन किया गया है। इस नए गठन में छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस ग्रुप में दो राज्यों के उप मुख्यमंत्री समेत कुल आठ सदस्य शामिल हैं।



जीएसटी काउंसिल नई दिल्ली की ओर से जारी पत्र के अनुसार जीएसटी में सुधार के लिए यह पुनर्गठन किया गया है। ग्रुप का संयोजक महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री अजित पवार को बनाया गया है। ओडिशा के उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी के साथ पांच अन्य राज्यों के वित्त मंत्रियों को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। श्री चौधरी को सदस्य बनाए जाने से छत्तीसगढ़ के वित्तीय दृष्टिकोण और अनुभव को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। वे लगातार राज्य के वित्तीय प्रबंधन और जीएसटी के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सुधार कर रहे हैं, जो इस समिति की कार्यप्रणाली को और सशक्त बनाने में मददगार साबित होगी। इस समिति का मुख्य उद्देश्य जीएसटी कानून, प्रक्रियाओं और नीतियों को प्रभावी बनाने के लिए सिफारिशें प्रदान करना है। यह सुनिश्चित करना है कि जीएसटी व्यवस्था सभी राज्यों की आर्थिक स्थितियों और जरूरतों के अनुरूप हो, जिससे समग्र आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

# आईपीएस के लिए पांच अगस्त को होगी डीपीसी

### एसआई से टीआई बने 16 साल बीते, अब डीएसपी बनने की आस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के 18 डीएसपी को एडिशनल एसपी बनाने का रास्ता डीपीसी होने के बाद साफ हो गया और प्रमोशन का आदेश हफ्तेभर में जारी हो जाएगा। इसी तरह राज्य पुलिस सेवा के कम से कम तीन अफसरों को आईपीएस अवार्ड के लिए 5 अगस्त को डीपीसी होने की संभावना है। इनमें 1998 बैच के प्रफुल्ल ठाकुर और राजेंद्र प्रसाद भैया तथा 1999 बैच नहीं होने से 2000 बैच के विजय पांडे का नाम शामिल किया जा सकता है। आईपीएस प्रमोशन के लिए नई दिल्ली में 5 अगस्त को होने वाली डीपीसी में छत्तीसगढ़ के डीजीपी अशोक जुनेजा और गृह सचिव के साथ-साथ यूपीएससी के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे। सूत्रों के अनुसार, वर्ष 2022 और 2023 के लिए डीपीसी होगी। अफसरों को 2023 बैच के लिए आईपीएस अवार्ड होगा। फिलहाल राज्य पुलिस सेवा के 1998 बैच के अफसरों का प्रमोशन लगभग तय माना जा रहा है। इनमें प्रफुल्ल ठाकुर और राजेंद्र भैया के नाम शामिल हैं। 1999 बैच के डीएसपी नहीं हैं, इसलिए वर्ष




2000 बैच के डीएसपी में से वरिष्ठता के आधार पर विजय पांडे का नाम शामिल किया गया है। हालांकि ये तीनों ही दीगर सेवाओं से आए दो अफसरों वायपी सिंह और धर्मेंद्र सिंह के संविलियन के कारण दो साल पिछड़ चुके हैं।

### एमपी में प्रमोशन, यहां फिलहाल इंतजार

प्रमोशन को लेकर सबसे ज्यादा इंतजार उन इंस्पेक्टरों को है, जो 2008 में सब इंस्पेक्टर से इस पद पर प्रमोट हुए थे। प्रमोशन को 16 साल बीत गए, लेकिन उनका अब तक दूसरा यानी डीएसपी पद पर प्रमोशन नहीं हो पाया है। जबकि मध्यप्रदेश में इससे आगे वाले बैच के इंस्पेक्टर भी डीएसपी बन चुके हैं। तकरीबन 16 इंस्पेक्टरों का डीएसपी के तौर पर प्रमोशन होना है।

# छत्तीसगढ़ में ब्यूरो के पदाधिकारियों की बैठक



**रायपुर।** ब्यूरो के समस्त पदाधिकारियों की आधिकारिक बैठक बिलासपुर में हुई। जहां प्रदेशभर के मुख्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में एनएचआरएसीएसीबी की कार्यनीति, मानवाधिकारों पर चर्चा और अपराध एवं भ्रष्टाचार करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए दृढ़ संकल्प लिया गया। डॉ. राकेश जोशी (बिलासपुर संभाग प्रभारी) द्वारा ब्यूरो का परिचय एवं कार्यनीति के साथ चर्चा रहा। इसके बाद विजय कुमार खूंटे (छत्तीसगढ़ राज्य प्रदेश प्रभारी-यूथ विंग) द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के संबंध में जानकारी दिया गया। परमीता सरकार (कार्यकारिणी अध्यक्ष रायपुर जिला महिला विंग) द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सहायता पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही साथ निशांत भानुशाली (अधिवक्ता बिलासपुर हाई कोर्ट एवं छग विधिसलाह्कर) द्वारा भारतीय न्याय सहिता संबंधित पर विधिक विषयों एवं विधि सलाह देते हुए पर ब्यूरो कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित एवं जागरूक किया गया। घासी भारद्वाज (राष्ट्रीय प्रभारी शिकायत निवारण विभाग) द्वारा मानव के मूलभूत अधिकारों के बारे में कार्यकर्ताओं को जागरूक एवं उत्साहित किए तथा राज्य में व्याप्त अपराध एवं भ्रष्टाचार पर विशेष चर्चा रहा तथा अपराध एवं भ्रष्टाचार, करने वाले, मानव अधिकारों की हनन करने वालों पर कार्रवाई करने पर जोर दिया गया। यह जानकारी रायपुर जिला महिला यूनिट में कार्यरत शाहिना खान ने दी।

### अब मंडी में बाहर के अलावा लोकल आवक भी बढ़ी



# थोक मंडी में आवक बढ़ते ही औंधे मुंह गिरे सब्जियों के भाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर की थोक मंडी में सब्जियों की आवक बढ़ते ही सब्जियों की कीमत औकात में आ गई है। एक सप्ताह पहले तक 100 रुपए किलो पहुंच चुके टमाटर का भाव गिरकर अब 30 से 40 रुपए किलो तक उतर आया है। इसी प्रकार बारिश के सीजन में मिलने वाली खेक्सी ने भी अब भाव खाना कम कर दिया है। शुरुआत में 280 रुपए किलो तक बिक रही खेक्सी का भाव गिरकर अब 200 से 220 तक पहुंच गया है। इसके अलावा करेला, भिंडी, परवल, हरी धनिया, कुंहड़ा जैसी सब्जियों के भाव में भी 20 से 30 रुपए तक गिरावट आई है, जिससे लोगों को महंगी सब्जियों से भी राहत मिली है। बारिश का सीजन शुरू होते ही सब्जियां भाव खाने लगी थीं, जिसके कारण कई प्रकार की सब्जियां आम लोगों के बजट से दूर हो गई थीं, लेकिन अब मंडी में बाहर के अलावा लोकल आवक भी बढ़ी है, जिससे भाव में गिरावट आई है। डूमरतराई थोक सब्जी विक्रेता समिति के अध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि एक सप्ताह पहले तक मंडी में लोकल सब्जियों की आवक 20 से 25 प्रतिशत थी, वहीं दूसरे राज्य से आनी वाली सब्जियां भी कम आ रही थीं। इसके कारण ज्यादातर सब्जियों के भाव बढ़े हुए थे, लेकिन अब लोकल सब्जियों की आवक बढ़कर 40 प्रतिशत तक पहुंच गई है। लोकल सब्जियों की आवक बढ़ने से बाहर से आने वाली सब्जियों के भाव पर भी असर पड़ा है, जिससे कई प्रकार की सब्जियों के भाव में गिरावट आई है।



### सब्जियों के भाव प्रति किलो में

| | थोक | चिल्हर |
|---|---|---|
| टमाटर | 22-25 | 30-40 |
| करेला | 20-25 | 35-40 |
| शिमला मिर्च | 40-45 | 50-60 |
| बरबट्टी | 40-45 | 55-60 |
| कुंदरू | 18-20 | 30-40 |
| परवल | 20-22 | 35-40 |
| फूलगोभी | 40-45 | 60-70 |
| पत्ता गोभी | 23-25 | 30-40 |
| मुनगा | 55-60 | 70-80 |
| खेक्सी | 170-180 | 200-220 |
| भाटा | 35-40 | 50-60 |
| तोरई | 35-40 | 50-60 |
| कोचई | 25-30 | 40-50 |
| लौकी | 12-15 | 25-30 |
| भिंडी | 25-30 | 40-50 |
| कुंहड़ा | 8-10 | 20 |
| हरी मिर्च | 40 | 60-70 |
| हरी धनिया | 25-30 | 50-60 |
| आलू | 30-32 | 40 |
| प्याज | 40-32 | 40 |
| अदरक | 110-120 | 150-160 |

# छत्तीसगढ़ में जलवायु सहनीय ग्रामीण समुदायों का निर्माण करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ में 1 से 8 अगस्त तक भारत ग्रामीण संवाद-2024 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें संवादों और कार्यक्रमों की एक श्रृंखला है। इसका उदेश्य ग्रामीण पुनर्जागरण को प्रेरित करना है।




यह कार्यक्रम दिल्ली, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और झारखंड में किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को विकसित छत्तीसगढ़ के लिए ग्रामीण परिवर्तन विषय पर भारत ग्रामीण संवाद के चौथे संस्करण में एक महत्वपूर्ण संबोधन में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राज्य में भविष्य-संगत और जलवायु-सहनीय ग्रामीण समुदायों के निर्माण की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के साथ श्री शर्मा ने जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली चरम मौसम की घटनाओं और अनियमित मानसून पैटर्न जैसी ज्वलंत चुनौतियों पर बल दिया। उन्होंने ग्रामीण छत्तीसगढ़ के सामने आने वाली बहुआयामी चुनौतियों के बारे में विस्तार से बताया। इसी दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि जलवायु-सहनीय बुनियादी ढांचे में निवेश करना और स्थायी कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना केवल एक खर्च नहीं है, यह हमारे राज्य के भविष्य में एक रणनीतिक निवेश है। भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर के साथ अकादमिक साझेदारी में ट्रांसफार्म रुरल इंडिया (टीआरआई) द्वारा आयोजित भारत ग्रामीण संवाद ने आईआईएम रायपुर के निदेशक राम ककानी, छग के मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत और टीआरआई के सह-नेता अनिर्बान घोष सहित विभिन्न वक्ताओं को एक साथ लाया।

## खबर संक्षेप

### जिसे जीने का ज्ञान नहीं उसे जीवन में आती है परेशानी



**बालोद**। जीवन बहुत कीमती है, इसे समझकर जीने वाले लोग बहुत कम ही होते हैं। छोटी छोटी बातों में उलझकर अपनी जीवन यात्रा बर्बाद कर लेते हैं। जीवन को संघर्ष पूर्ण बनाकर कोई श्रेष्ठ कार्य नहीं कर पाते। संत ऋषभ सागरजी महराज साहब ने जीवन दर्शन पर आधारित प्रवचन में कहा कि जीवन जीने का ज्ञान नहीं होने, या है तो अभ्यास नहीं होने के कारण ही जीवन में परेशानी या अशांति आती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जीना सीखे, पिछली घटनाओं को पकड़कर न रखें, उन्होंने कहा कि जब हम हर चीज छांट छांट कर लेते है तो बुरे विचारों रूपी कचरा को क्यों दिमाग मे रखते है। राग, द्वेष, क्रोध, अहंकार आदि कषाय दिमाग मे भरे कचरे के समान ही है, हमारा व्यवहार यदि कटु है तो लोगों से अच्छे व्यवहार की अपेक्षा कैसे कर सकते हैं। सहनशीलता के साथ ही एडजेस्टमेंट के गुणों को भी बढ़ाना होगा। क्योंकि सभी के विचार समान नहीं होते। मन को सहनशीलता और स्वीकार्यता के लिए सेट करें तो परिस्थितियां भी सेट हो जाती है। प्रतिकूलताओं में भी जीने का अभ्यास होना चाहिये, क्योंकि परिस्थितियां हमेशा एक जैसी नहीं रहती। परमात्मा ने राग, द्वेष, अहंकार आदि कषायों को कम करने का माध्यम तप को बताया है। तप, आराधना आदि के माध्यम से आत्मा की शुद्धि होती है तथा अच्छे गुणों का विकास होता है। उन्होंने कहा कि इस चातुर्मास में सभी अपनी अपनी क्षमतानुसार कोई न कोई तप अवश्य करें।

### कॉलेज छात्र से पुरानी रंजिश पर की मारपीट

**रायपुर**। डीडीनगर थाने में कालेज के छात्र ने एक अन्य युवक के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, प्रफुल्ल टेमरे ने योगेश कुमार टंडन के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत की है। प्रफुल्ल ने पुलिस को बताया कि पुराने विवाद को लेकर योगेश ने उसके मकान के अंदर जबरन दाखिल होकर मारपीट की।

### गांजा बेचते धरा गया कोचिया

**रायपुर**। गोलबाजार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक कोचिया को गांजा बेचते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। युवक के कब्जे से पुलिस ने 23 हजार रुपए कीमती डेढ़ किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक, गांजा बेचने के आरोप में संतोषी नगर निवासी मो. निजामुद्दीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने निजामुद्दीन को पुराना चीरघर लोहार गली में लोगों को गांजा बेचते गिरफ्तार किया है।

### सूने मकान में धावा नकदी-जेवर किए पार

**रायपुर**। डीडीनगर थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान से नकदी समेत एक लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, चंगोराभाठा निवासी गरिमा शर्मा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। गरिमा ने पुलिस को बताया कि वह डेढ़ माह पूर्व 19 जून को ग्राम गुल्लू स्थित अपने मायके गई थी।

# डौण्डीलोहारा के कई गांवों में पहुँचे कलेक्टर चंद्रवाल, विकास कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में पहुँचकर विकास कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्राम सोरली में गन्ना उत्पादक किसान भीष्मदेव यदु के खेत में पहुँचकर किसान यदु से उत्पादन एवं आय के संबंध में चर्चा की।

उन्होंने किसान से गन्ने की किस्म, पैदावार, विक्रय, परिवहन, सिचाई, कटाई आदि के संबंध में जानकारी ली। गन्ना उत्पादक किसान ने बताया कि वर्तमान में उन्होंने कुल 10 एकड़ जमीन पर गन्ने की फसल लगाया है। उन्होंने कहा कि गन्ना उत्पादन करने में किसी प्रकार की समस्या नही होती है। धान की फसल की अपेक्षा कम पानी में भी बेहतर उत्पादन गन्ना के फसल से उसे बेहतर आय भी प्राप्त हो रही है। उसने बताया कि गन्ने की फसल में धान की फसल की अपेक्षा फसल खराब होने की आशंका कम होती है। कम बारिश हो या तेज बारिश गन्ने की फसल को प्रभावित नही करता है। तकनीकी मार्गदर्शन में कृषि करने से उन्हें फसल की पैदावार भी काफी अच्छी प्राप्त हो रही है। किसान ने गन्ना फसल की कटाई और उसके परिवहन के संबंध में बेहतर सुझाव भी उपस्थित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने ग्राम अछोली में उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित शासकीय रोपणी का जायजा लिया। उन्होंने वहाँ रोपणी के क्षेत्र, लगाए गए पौधे, तैयार किए जा रहे पौधे सहित पौध रोपण हेतु रखे गए पौधों के संबंध में विस्तृत जानकारी उद्यान अधीक्षक से ली।

## अंचल के किसानों के साथ ही ग्रामीणों से की चर्चा

### व्यवस्था को बेहतर बनाए

उद्यान अधीक्षक ने बताया कि रोपणी में विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार व औषधीय पौधे तैयार कर माँग अनुरूप उसका आबंटन किया जाता है। इस दौरान कलेक्टर ने रोपणी में तैयार विभिन्न प्रकार के पौधों का जायजा लिया। उन्होंने उद्यान अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि रोपणी की व्यवस्था को बेहतर बनाए। रोपणी में उपलब्ध खाली स्थानों को बेहतर तरीके से उपयोग में लाना सुनिश्चित करें।



### गुणवत्ता के साथ शीघ्र करें पुल का निर्माण

कलेक्टर चन्द्रवाल ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के अंतिम छोर में बसे ग्राम करेंगांव में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन पुल निर्माण कार्य का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि करेंगांव से दनगढ़ मार्ग में यह निर्माणाधीन पुल के निर्माण हो जाने से बालोद और मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के मध्य बाहरमासी सुचारू रूप से यातायात प्रारंभ हो सकेगा। इससे दोनों जिलों के हजारों लोगों को इस पुल के निर्माण होने से आवागमन का बेहतर माध्यम बनेगा। कलेक्टर ने निर्माणाधीन कार्य की प्रगति के संबंध में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता से चर्चा की और कहा कि पुल निर्माण का कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ शीघ्रता के साथ कराई जाए। जिससे दोनों जिलेवासियों को आवागमन की सुचारू सुविधा प्राप्त हो सके।

## कार्रवाई : बढ़ती दुर्घटना को नगर पालिका ने लिया गंभीर, जारी रहेगी कार्रवाई

# नपा का एक्शन मोड, सड़कों पर बैठीं गायों के मालिकों से वसूला जा रहा जुर्माना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पालिका प्रशासन इन दिनों एक्शन मोड पर हैं। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने जहां अब जुर्माना लगाने का कड़ी कार्यवाही कर रहे हैं तो वहीं सड़कों पर बैठे गायों के मालिकों से भी जुर्माना वसूला जा रहा है।

पालिका प्रशासन ने एक व्यक्ति से एक हजार रुपये तो कुछ अन्य पशुपालकों से भी 500 से 1000 रुपए के बीच जुर्माना लगाया है और यह कार्यवाही निरंतर जारी रखने की भी बात कही जा रही है। आपको बता दें कि जिला मुख्यालय के तमाम व्यस्तम मार्ग व



नेशनल हाईवे 930 जो शहर से होकर गुजरा है, उसमें भी बीच सड़क पर मवेशियों के झुंड बैठे रहते हैं, जिससे वाहन चालकों को वाहन चलाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं मवेशियों के झुंड सड़क पर बैठे रहने से कई सड़क हादसे हो चुके हैं, जिसमें मवेशियों की मौत भी हो जाती है तो वहीं वाहन सवार लोग भी घायल हो जाते हैं। करीब सप्ताह भर पहले गंजपारा में एक भीषण सड़क हादसा हुआ जिसमें एक शिक्षिका घायल हो गई थी, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हादसे में भी एक गाय सड़क पर अचानक दौड़ते हुए आ गई थी जिसे बचाने के प्रयास मे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही स्कूटी सवार शिक्षिका से जा टकराई जिससे एक भीषण हादसा हुआ।

### वाहन चालक भुगत रहें पशुपालकों की लापरवाही का खमियाजा

दरअसल शहर के लगभग सभी सड़को पर मवेशियों के झुंड रहता है। पशुपालकों द्वारा गर्भवती गायों का अच्छे से ध्यान रखकर व जिनसे उन्हें फायदा मिलता है उन गायों को रखकर बाकी अन्य गायों को घर के बाहर छोड़ देते हैं, जो दुकानों के सामने गाड़ी की डिग्गियों के सामान को खाते हैं और सड़कों पर ही बैठ जाते हैं, जिससे वाहन चलाने में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### पालिका की टीम गायों को गौठान में रख रही, पशुपालकों पर जुर्माना भी

पालिका की टीम रोजाना सड़कों पर बैठे गायों को पकड़कर गौठान में रख रही हैं और उनके गले मे रेडियम भी लगा रहे हैं इसके साथ ही जो पशुपालक अपने गाय को ले जाने पालिका के पास जा रहे हैं उनसे जुर्माना भी वसूला जा रहा है, ताकि पशुपालक लापरवाही बरतने के बजाए गायों को अपने घरों में सुरक्षित रखें। इसी के साथ ही जुर्माना की राशि का उपयोग अन्य गायों के भोजन व्यवस्था के लिए उपयोग किया जा सके।

# छात्रों ने लगाए फलदार और छायादार पौधे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पर्यावरण जागरूकता एवं संरक्षण के तहत दीप उम्मीद पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन बालोद द्वारा ग्राम पंचायत लाटाबोड़ में युवा एवं स्कूल के छात्र छात्राओं में पर्यावरण के महत्व के प्रति जागरूक करने के साथ पौधारोपण के तहत धरती के संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया गया। वेलफेयर फाउंडेशन बालोद के अध्यक्ष नवदीप कुमार ने बताया की फाउंडेशन के तत्वावधान में अगस्त 2024 तक 1000 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके तहत ग्राम लाटाबोड़ में 20 पौधा लगाया कर इस कार्य का शुभारंभ किया गया। इसमें मुख्यतः ग्राम पंचायत लाटाबोड के सरपंच गंगा प्रसाद साहू, उपसरपंच महेन्द्र यादव, वार्ड पंच ताराबाई निर्मलकर, रमेश ठाकुर, जागृत दास, फाउंडेशन के अध्यक्ष व सदस्य क्रमशः नवदीप कुमार साहू, लोचन प्रसाद, निलेश, स्वलेहा, सिद्धि, मोनेश साहू, पीतांबर, संजू, नवीन, हेमांक, लीलाधर, हिमेश, नंदिनी, अमीसा, नेहा, सानिया उपस्थित थे।

### एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश के लिए कल तक जमा होंगे आवेदन

**बालोद**। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में लेटरल एण्ट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 4 अगस्त निर्धारित की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम विद्यालयों में वर्ष 2024–25 हेतु विभिन्न कक्षाओं में रिक्त सीट के विरुद्ध प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कक्षा 7वीं में बालिका हेतु 1 रिक्त सीट, कक्षा 8वीं एवं 9वीं में बालक हेतु 1, कक्षा 11वीं में 6 बालक एवं बालिका हेतु 2 रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 4 अगस्त निर्धारित की गई है। प्रवेश परीक्षा 6 अगस्त को आयोजित की जाएगी। परीक्षा परिणाम 12 अगस्त को जारी किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यालय में प्रवेश की तिथि 14 अगस्त से 16 अगस्त एवं प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि 22 अगस्त निर्धारित की गई है।

# हरेली पर होगी कृषि औजारों की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कल रविवार को जिले भर में प्रदेश का पहला त्यौहार हरेली धूमधाम से मनाया जाएगा। हरेली पर्व को मनाने लोग तैयारी में जुट गए हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोग हरेली पर्व को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। किसान अपने खेतों में फसल लगाने से लेकर फसल की कटाई तक के कार्यों में यानि कि किसानी कार्य मे जितने भी उपकरण उपयोग किए जाते हैं उन सबका की साफ–सफाई कर विधि विधान से पूजा अर्चना करने के साथ घरों में छत्तीसगढ़ी पकवान भी बनाते हैं।

■ बीमारी से बचाने बैल, भैंस और गाय को खिलाएंगे बगरंडा और नमक

हरेली पर्व को सही मायने में किसानों का त्यौहार माना जाता है। हरेली छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार है, यहां के किसान परिवार के साथ बड़ी धूमधाम से इस पर्व को मनाते हैं। इस दिन कई लोग अपने कुल देवता की भी पूजा परंपरा अनुसार



करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से शाम तक उत्सव का माहौल रहता है। इस दिन बैल, भैंस और गाय को बीमारी से बचाने के लिए बगरंडा और नमक खिलाने की परंपरा होती है, लिहाजा गांव में यदुवंशियों द्वारा सुबह से ही सभी घरों में जाकर गाय, बैल और भैंसों को नमक और बगरंडा की पत्ती खिलाते हैं। इस दिन यदुवंशियों को भी स्वेच्छा से दाल, चावल, सब्जी और अन्य उपहार दिए जाते हैं। हरेली पर्व में गांव और शहरों में सुबह पूजा–अर्चना के बाद चौक–चौराहों पर युवाओं की टोली जुटती है और नारियल फेंक तथा मटका फोड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। प्रतियोगिता का सिलसिला देर रात तक चलता है,यह भी माना जाता है कि श्रावण कृष्ण पक्ष की अमावस्या यानी हरेली के दिन से लोकहित की दृष्टि से जिज्ञासु शिष्यों को पीलिया, विष उतारने, नजर से बचाने, महामारी और बाहरी हवा से बचाने समेत कई तरह की समस्याओं से बचाने के लिए मंत्र सिखाया जाता है। हरेली के दिन गांव–गांव में लोहारों की पूछ परख बढ़ जाती है। इस दिन हर घर के मुख्य द्वार पर नीम की पत्ती लगाकर और चौखट में कील ठोंककर आशीर्वाद देते हैं।

मान्यता है कि ऐसा करने से उस घर में रहने वालों की अनिष्ट से रक्षा होती है इसके बदले में किसान उन्हें दान स्वरूप स्वेच्छा से दाल, चावल, सब्जी और नगद राशि देते हैं। हरेली में जहां किसान कृषि उपकरणों की पूजा कर पकवानों का आनंद लेते हैं. वहीं युवा और बच्चे गेड़ी चढ़ने का मजा लेते है। लिहाजा सुबह से ही घरों में गेड़ी बनाने का काम शुरू हो जाता है, ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है,जो इस दिन 20 से 25 फीट ऊंची गेड़ी बनवाते हैं।

# गोंडवाना समाज द्वारा संचालित कन्या छात्रावास में मनाया गया प्रवेश उत्सव

### समाज की छात्राओं को सम्मानित कर दिलाया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रानी दुर्गावती छात्रगृह परिसर पुराना गोण्डवाना भवन बालोद में गोण्डवाना समाज द्वारा संचालित कन्या छात्रावास में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज की छात्राओं को सम्मानित कर विधिवत प्रवेश दिलाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तानाखार के विधायक तुलेश्वर मरकाम थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता गोंडवाना स्टुडेंट्स यूनियन के जिला अध्यक्ष सुनील कोरेटी ने की। विशेष अतिथि गोण्डवाना समाज के गोंडवाना स्टुडेंट्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष मरावी, गोण्डवाना समाज के अधिकारी–कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष एवं जनसंपर्क अधिकारी जिला बालोद चन्द्रेश ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य कांकेर हेमलाल मरकाम, सर्व आदिवासी



समाज जिला बालोद के अध्यक्ष तुकाराम कोर्राम, गोंडवाना महासभा जिला अध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम, गोण्डवाना स्टुडेंट्स यूनियन के महासचिव तुलेश्वरी हिचामी सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि गोण्डवाना समाज जिला बालोद के द्वारा समाज के जरूरतमंद छात्रओं के लिए समाज के लोगों से राशि एकत्र कर कन्या छात्रावास की स्थापना की गई है। इस कन्या छात्रावास में सरकारी छात्रावास में प्रवेश होने से वंचित एवं समाज के अन्य जरूरमंद छात्रओं को प्रवेश दिया जाता है। इस छात्रावास में विद्यार्थियों के लिए आवश्यक राशि की प्रबंध समाज के लोगों के द्वारा अंशदान देकर किया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक तुलेश्वर मरकाम ने समाज के छात्र–छात्राओं के हित में गोण्डवाना समाज जिला बालोद के इस पुनीत कार्य की भूरी–भूरी सराहना की।

उन्होंने यहाँ अध्ययनरत विद्यार्थियों को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुनील कोरेटी ने इस छात्रावास की स्थापना के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम को विशेष अतिथि एवं गोण्डवाना स्टूडेंट्स के प्रदेश अध्यक्ष संतोष मरावी, गोण्डवाना अधिकारी–कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष तुकाराम कोर्राम, गोण्डवाना महासभा बालोद के अध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

# नपा ने पुलिस लाइन में कराई नालियों की सफाई

**बालोद**। जन समस्या निवारण शिविर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 पुलिस लाइन से नाली में गंदगी की शिकायत सामने आने के बाद नगर पालिका प्रशासन ने मामले पर त्वरित कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के समक्ष सफाई कार्य किया गया। दरअसर पुराना जिला अस्पताल के सामने पुरानी चौपाटी में चाट, गुपचुप, मुंगेड़ी बड़ा, चौमिन, आइसक्रीम सहित कुछ अन्य फास्ट फूड की दुकान है, जहां से दुकानदार अपनी दुकान बंद करते समय सारा गंदगी बगल के नाली में डाल देते हैं, जिसके कारण नाली में गंदगी जाम होते जा रहा है, जिसे लेकर वार्डवासियों ने शुक्रवार को जन समस्या निवारण शिविर



में इसकी शिकायत की, जिसके बाद नगर पालिका प्रशासन के स्वच्छता निरीक्षक पूर्णानंद आर्य ने तत्काल नाली की सफाई कराकर सफाई व्यवस्था सुधारा।

# लोगों की समस्याओं को सुलझाने में जुटे विधायक चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर अपने निवास में प्रति दिन प्रातः 9 बजे से लोगों की समस्याएं सुन कर निराकरण कर रहे हैं।

प्रति दिन क्षेत्र की जनता अपनी अपनी समस्या लेकर आते हैं, उनकी समस्याओं के आधार पर विधायक द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर



निराकरण किया जाता हैं। शुक्रवार को जनता दरबार में विभिन्न ग्रामों, वार्डों के लोगों ने सीवरेज, पेयजल, प्रधानमंत्री, आवास, नाली व बिजली लाइन के तारों के संबंध में, स्कूल में टीचर, राजस्व प्रकरण, बाटा-हिस्सा, नामांतरण, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड, बरसात में गांवों में कीचड़ की समस्याएं रखते हुए उनका समाधान करने की मांग की। विधायक ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का समय पर समाधान करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि वे लोगों की सामूहिक समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। विधायक प्रति दिन क्षेत्र की जनता से शिष्टचार भेंटकर उनकी समस्याओं का संबंधित अधिकारियों को निर्देशित त्वरित निराकारण भी करवा रहे हैं। जनता की समस्याओं का समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता है।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Recognized by Indian Nursing Council
& C.G.Nurses Registration Council
NURSING EDUCATION



B.Sc. NURSING
4 Years Course
100% CAMPUS PLACEMENT
BHARAT INSTITUTE OF NURSING
Affiliated by Pt. D.D. U. M. Health Sciences & Ayush University, Raipur
Vill. Danitola, Post: Bhaisbod, Tehsil: Dondi, Distt Balod (C.G.)
www.bharatnursing.com, bharatdalli@rastoginursing.com
08349196676, 9300752200

## खबर संक्षेप

### शुक्ल की जयंती पर सेक्टर-9 चौक में संगोष्ठी

**भिलाई।** पूर्व मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल और पं. विद्याचरण शुक्ल की जयंती 2 अगस्त को सेक्टर-9 चौक में मनाई जाएगी। इस दौरान सुबह करीब साढ़े 9 बजे पं. रविशंकर शुक्ल चौक पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इसमें शुक्ल के जीवन पर अतिथियों द्वारा विचार व्यक्त किए जाएंगे। आयोजन पं. रविशंकर शुक्ल सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा किया जाएगा। अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने बताया कि प्रतिवर्ष इस प्रकार का आयोजन किया जाता है। आयोजन में विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। मिश्रा ने बताया कि देश के सर्वश्रेष्ठ एकीकृत इस्पात संयंत्र की भिलाई में स्थापना में पं. शुक्ल ने आधारभूत भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम में पूर्व सीपी एवं बरार और मध्य प्रदेश के विकास में उनके योगदान को याद किया जाएगा। उनके पुत्र पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. विद्याचरण शुक्ल की भी जयंती है। उन्हें भी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

### विश्व स्तनपान सप्ताह की शुरूवात

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में बच्चे एवं माताओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में 01 अगस्त 2024 को विश्व स्तनपान सप्ताह की शुरूआत की गई है। इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह का थीम है-अंतर को कम करना, सभी के लिये स्तनपान समर्थन है। जिला चिकित्सालय दुर्ग के शिशु रोग विभाग में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. दिव्या श्रीवास्तव टीकाकरण अधिकारी जिला दुर्ग, डॉ. सीमा जैन आदि शामिल हुए।

### को-आपरेटिव बैंक में दो दिन से काम-काज ठप




**दुर्ग।** जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के सोसायटियों में पिछले दो दिन से लेन-देन पूरी तरह ढप हो गया है। जिसके चलते लोग अपने खाते से पैसों का ट्रांसफर नही कर पा रहे है। दो दिन से सर्वर ढप होने के कारण खाताधारक आरटीजीएस, एनईएफटी और एमआईपीए नही कर पा रहे है। जिसके चलते खाताधारक पिछले दो दिन से परेशान है। सर्वर के चलते यूपीआई से संबंधित राशि ट्रांसफार नही हो पा रहे है। जानकारी अनुसार प्रदेशभर के सभी को-आपरेटिव बैंक में दो दिन से इस तरह स्थिति निर्मित हैं। दुर्ग में भी गुरूवार को खाताधारक परेशान रहे। लेकिन उन्हें अफसरों से संतोषजनक जवाब नही मिल पाया। बैंक से जुडे सूत्रों ने बताया कि, अनुसार को-आपरेटिव बैंकों में इस तरह की समस्या आ रही है। जिसका प्रमुख कारण रेनसम वेयर अटैक बताया जा रहा है। जिसके चलते यूपीआई जैसे सिस्टम आपरेट करने वाली एनपीसीआई कंपनी ने डेबीट प्रक्रिया को ही सेटडाउन कर दिया है। जिसके चलते उपभोक्ताओं के खाते से राशि तो कट रही है, लेकिन अन्य खाता में राशि ट्रांसफर होकर जमा नही हो पा रही है। दो दिन से बैंकिंग सेक्टर में कामकाज प्रभावित हो रही है।

**आयोजन : बालोद और दल्लीराहरा के अलग-अलग वार्डों में लगा शिविर**

# जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 114 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र में निवास करने वाले आम नागरिकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जिले के नगरीय निकायों में जन समस्या निवारण शिविर के आयोजन का क्रम निरंतर जारी है। आज नगरीय निकायों में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में बड़ी संख्या में नगरीय क्षेत्र के लोगों ने शिविर में उपस्थित होकर अपने मांगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया।

इस दौरान मौके पर उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य जन प्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी कर्मचारियों ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा अनेक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि आज नगर पालिका बालोद के वार्ड क्रमांक 10 सुभाष वार्ड एवं 11 जवाहर वार्ड निवासियों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लोक निर्माण विभाग से संबंधित कुल 14, राशन कार्ड बनाने हेतु कुल 01, पेयजल से संबंधित 10, राजस्व विभाग से संबंधित कुल 03, विद्युत विभाग से संबंधित कुल 04 आवेदनों के अलावा शिविर में जन्म–मृत्यु, शहरी आजीविका मिशन, समाज कल्याण, महिला बाल विकास, भवन अनुज्ञा, सामाजिक पेंशन आदि से संबंधित कुल 47 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इसी तरह नगर पालिका दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 के लिए वार्ड क्रमांक 14 शहीद चौक दुर्गा मंच के पास जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के कुल 41, राजस्व विभाग के 46, स्वच्छता विभाग 07, स्वच्छता विभाग 05, ई–श्रम कार्ड हेतु 10 आवेदनों सहित अन्य विभाग से संबंधित कुल 122 आवेदन प्राप्त हुए। इसी तरह जन समस्या निवारण शिविर में नगर पंचायत डौण्डीलोहारा में कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए।



### आज शहर के अलग-अलग वार्डों में लगेगा जनसमस्या निवारण शिविर

**बालोद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार निगम प्रशासन द्वारा आम जनता के मांगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने हेतु जिला मुख्यालय बालोद सहित नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों के विभिन्न वार्डों में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक आयोजित होने वाली जन समस्या निवारण पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार 3 अगस्त को जिला मुख्यालय बालोद के वार्ड क्रमांक 12 लाल बहादुरशास्त्री वार्ड एवं वार्ड क्रमांक 13 डॉ. अम्बेडकर वार्ड हेतु आमापारा रंगमंच, नगर पालिका दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 16 एवं 17 हेतु वार्ड क्रमांक 17 शीतला मंदिर के पास मंच में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनसमस्या निवारण शिविर में आम जनता के समस्याओं से अवगत होने एवं शासन के विभिन्न कार्यक्रमों का आंकलन किया जाएगा। शिविर में नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धापेंशन, सामाजिक सुरक्षा, जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन अनुज्ञा, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामातंरण, स्वरोजगार के प्रकरण, तथा नल लिकेज, नलों में पानी का ना आना, नालियों, गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी का बहना, कचरे की सफाई, टूटी–फूटी नालियों का मरम्मत, स्ट्रीट लाईट जैसे समस्याओं का निराकरण मौके पर किया जाएगा। शिविर में करदाताओं से करों की भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा।

## नगरीय निकाय क्षेत्र के कई वार्डों में लगा जन समस्या निवारण

**बालोद।** गुरुवार को नगर पालिका बालोद के वार्ड क्रमांक 08 गणेश वार्ड एवं 09 सरदार पटेल वार्ड निवासियों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान राशन कार्ड बनाने हेतु कुल 23, लोक निर्माण विभाग से संबंधित कुल 10, पेयजल से संबंधित 16, राजस्व विभाग से संबंधित कुल 03, विद्युत विभाग से संबंधित कुल 01, प्रधानमंत्री आवास हेतु 07 आवेदनों के अलावा शिविर में जन्म–मृत्यु, शहरी आजीविका मिशन, समाज कल्याण, महिला बाल विकास, भवन अनुज्ञा, सामाजिक पेंशन आदि से संबंधित कुल 66 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।




इसी तरह नगर पालिका दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 10, 11 एवं 12 के लिए वार्ड क्रमांक 11 साहू किराना के पास जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के कुल 41, राजस्व विभाग के 52, स्वच्छता विभाग 09 सहित अन्य विभाग से संबंधित कुल 110 आवेदन प्राप्त हुए। इसी तरह नगर पंचायत डौण्डी में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए।

इस दौरान मौके पर उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य जन प्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी कर्मचारियों ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा अनेक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

## गणित में छात्र-छात्राओं की रुचि बढ़ाने में जुटा स्कूल प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

■ हायर सेकंडरी स्कूल सुरडोंगर में आयोजित की गई कार्यशाला

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर में कार्यशाला का आयोजन हुआ। प्राचार्य बीके बहुरुपी के मार्गदर्शन में एवं व्याख्याता संजय बंजारे एवं प्रीत बंजारे के नेतृत्व में विद्यालय में गठित रामा-आर्य गणित क्लब के तत्वावधान में गणित संकाय के छात्र छात्राओं एवं गणित में रुचि रखने वाले गणित क्लब के सदस्यों के लिए गणित विषय के प्रति रुचि जागृत करने एवं गणितीय कौशल विकास करने एवं गणित विषय के महत्व और उपयोगिता को समझाते हुए विद्यार्थियों के लिए व्यक्तित्व विकास पर विचार रखा गया।




इसमें इंटरव्यू कैसे फेस करें पर फोकस्ड कार्यक्रम गणित संकाय के विद्यार्थियों के इंटरव्यू सीरीज चलाया जा रहा है, जिसमें अलग-अलग विद्यार्थियों को हाट सीट पर बैठाकर विद्यार्थी से अन्य विद्यार्थियों के समक्ष विभिन्न तरीकों के प्रश्न किए जाते हैं, जिसका जवाब विद्यार्थियों द्वारा पूरे आत्मविश्वास के साथ दिया जाता है। इस प्रकार विद्यार्थियों से विषय संबंधी एवं उनके घर पर तैयारी एवं पढ़ाई के माहौल संबंधी जानकारी प्राप्त कर उन्हें आत्मविश्वास से लबरेज किया जा रहा। गणित कार्यशाला के संचालनकर्ता व्याख्याता सह करियर काउंसलर संजय बंजारे ने कार्यक्रम के बारे में बताया कि इस कार्यशाला से बच्चों की वेशभूषा, व्यवहार कुशलता, बातचीत करने का तरीका, मानसिक सजगता, विचारों एवं सोच में एकरूपता, सकारात्मक दृष्टिकोण आत्मविश्वास, अपने ज्ञान का उपयोग के साथ साथ बच्चों में नेतृत्व के गुण जैसे विद्यार्थियों के अंदर अंतर्निहित गुणों को परखा जाता है एवं कमी रहने पर बच्चों में इन गुणों के विकास की दिशा में पहल कर सही समय पर इसे सुधारने उचित उपाय किया जा सके। प्राचार्य बीके बहुरुपी द्वारा गणित क्लब के ओर से किए जा रहे ऐसे अनोखे और बेहतर प्रयास के लिए गणित के व्याख्याता सह करियर काउंसलर संजय बंजारे एवं प्रीत बंजारे की सराहना कर गणित विषय पर इसी प्रकार की रोचक तरीके निकालकर विद्यार्थियों को प्रेरित करना जरूरी है।

इस अवसर पर व्याख्याता एन ठाकुर, केआर सोरी, केशव मानकर, बीरम मसियारे, रामकुमार प्रजापति, ओमन मारकंडे, नितिन यादव, सुमन बंजारे, गोविंद उइके, चीनीलाल दावरे, ईशु साहू, आरएस तिवारी सहित समस्त कार्यालयीन स्टाफ मौजूद रहा।

## सामान्य सभा की बैठक में कई प्रस्तावों पर लगी मुहर

**पौधारोपण भी हुआ, खण्ड चिकित्सा अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





जीवनदीप समिति पीएचसी पुरूर की सामान्य सभा की बैठक जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष प्रभात धुर्वे की अध्यक्षता एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी गुरूर, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पुरूर, सरपंच ग्राम पंचायत मिर्रीटोला के उपस्थित में हुई। इसमें सदस्यों सहित स्वास्थ केन्द्र पुरूर को एनक्यूएएस के तहत चिन्हांकित होने के मुद्दे नजर रखते हुए कई प्रस्ताव पारित किये गए।

जिसमें दवाई एवं खरीदी योग्य सामग्री उपलब्ध नही होने पर क्रय किये जाने, सीमेंट चेकर निर्माण कार्य, मेगनेट निर्माण एवं रोड़ निर्माण कार्य, संस्था में एनक्यूएएस कार्यक्रम के तहत आवश्यक सामग्री क्रय करने के संबंध मे सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया व जीवनदीप समिति के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों का वेतन वृद्धि करने के संबंध मे प्रस्ताव पारित हुआ। जिसके बाद पौधारोपण कार्यक्रम में खण्ड चिकित्सा अधिकारी गुरूर डॉ. जीआर रावटे, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पुरूर डॉ. सुनील भारती, आरएमए कमल किशोर सिन्हा के उपस्थिति में सरपंच मिर्रीटोला सुकीर्ति यादव, जीतेन्द्र यादव, बीएमओ डॉ. जीआर रावटे, बीईटीओ खोरबाहरा राम उर्वशा, बीपीएम योगेश कुमार साहू, डीईओ पंकज पटेल, कियोष्क ऑपरेटर भामनी डाहरे द्वारा किया गया साथ ही सेक्टर व पीएचसी स्टॉफ मुरलीधर नागेश, किशोर कुमार साहू, अभिषेक सिंह ठाकुर, राजकुमार साहू, हेमबली मनीश नेताम, अश्वनी कहिरा, यशोमति साहू, देवेश कुमार साहू उपस्थित थे।

### श्मशान घाट में पौधा रोपण हुआ



**डौण्डीलोहारा।** ब्लॉक के वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण किया गया। इसमें नेमन कुमार साहू, ओमशंकर शांडिल्य, श्यामू तुमरेकी, प्रवीण कुमार नायक,चितराखन विश्वकर्मा ने भी पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया एवं पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का आग्रह किया गया, रेंगाडबरी के शमशान घाट में पौधा अशोक पेड़ 50 नग, करंज का पेड़ 20 नग, नीम का पेड़ 10 नग, आंवला का पेड़ 5 नग, बेल का पेड़ 10 नग, आम का पेड़ 6 नग, पीपल का पेड़ 2 नग, बरगद का पेड़ 1 नग कुल 104 पौधा लगाकर सभी ने पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया एवं टिकम यादव, विकास नायक, रिशी मंडावी ने भी पौधा लगाने में सहयोग प्रदान किया।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में किया गया पौधारोपण

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन में महतारी वंदन योजना के लाभान्वित महिला हितग्राहियों ने 'एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पौधारोपण किया।



उल्लेखनीय है कि इस अभियान के अंतर्गत 15 अगस्त तक महतारी वंदन योजना से लाभान्वित जिले के सभी 02 लाख 52 हजार महिला हितग्राहियों के घरों में पौधारोपण किया जाएगा। महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि पूर्व में इस अभियान के तहत जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं हितग्राहियों के घरो में 25 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया जा चूका है।

इस अभियान के तहत वन विभाग के सहयोग से महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को उनके घरों में पौधरोपण हेतु पौधा प्रदान किया गया। इसके अंतर्गत आज जिला कार्यक्रम अधिकारी विपीन जैन ने गुरूर परियोजना के ग्राम कन्हारपुरी में महिला हितग्राही के घर में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने कोरगुड़ा, सोनडोंगरी, पेटेचुआ, गुरूर नगर पंचायत आदि ग्रामों के आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण कर महिला हितग्राहियों को पौध रोपण के महत्व के संबंध में जानकारी दी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि बालोद जिले में 02 लाख 52 हजार से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह लगभग 23 करोड़ की राशि प्रदान की जा रही है।

## धनोरा में डाक कांवर यात्रा 5 को

**अंडा।** बाबा दरबार धाम धनोरा दुर्ग में श्रावण मास पर 5 अगस्त सोमवार को डाक कांवर यात्रा का आयोजन रखा गया है। इस दौरान कांवरियां शिवनाथ नदी से जल लेकर नदी रोड दुर्ग से गंजपारा कसारीडीह महाराजा चौक से बोरसी रोड से सिधा महावीर उद्यान में बैठे भुत भावन भोलेनाथ पर जल चढ़ाकर पूजा पाठ करेंगे। वहीं 12 अगस्त सोमवार को सुबह 10 बजे से रुद्राभिषेक एवं हवन पूजा पाठ कर के खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। बाबा दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा ने सभी भक्तों से अधिक से अधिक समय में सम्मिलित होकर इस डाक कांवर यात्रा एवं अभिषेक पूजा पाठ में शामिल होने की अपील की है।




**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

**मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान**
**लाइफवर्थ हॉस्पीटल**
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

Care With Confidence
(NABH से मान्यता प्राप्त)
**सुयश हॉस्पिटल**
**ट्रॉमा केयर यूनिट**
पॉली ट्रॉमा
मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
हड्डियों से मवाद रिसना
ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

**कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर**
फेस लिफ्ट

■ बोटाक्स फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.


स्वामी जी
93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
**नेपाल विदेश यात्रा**
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
12 सितंबर 2024
16 अक्टूबर 2024
13 नवंबर 2024
04 दिसंबर 2024
19 दिसंबर 2024
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-27,501/-
**स्वामी तीर्थ यात्रा**
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
**चार धाम यात्रा**
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
05 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024, 09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024
14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
**श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा**
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411